# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 780 /भण्डार/2024 भोपाल, दिनांकः 11/3/2024

## परिसर की साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रथम ई–निविदा

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर की **साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए खुली प्रथम ई–निविदा**" हेतु ऑन–लाईन आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 10,000–00 (दस हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 4,50,000–00(रू. चार लाख पचास हजार मात्र) हैं। इन्हें ऑन–लाईन ही की जाना है एवं ऑन लाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य लगभग रूपये 1,50,00,000–00 (रू. एक करोड़ पचास लाख मात्र) है। निविदा के प्रकाशन पश्चात् निविदा की तिथि अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी दानों वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा जारी करने की तिथि | 11/3/2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारंभ होने की तिथि | 11/3/2024 | |
| 03 | निविदा प्रपत्र /अपलोड प्रारंभ होने की तिथि | 11/3/2024 | |
| 04 | प्री–बिड मीटिंग की तिथि | 19/3/2024 | |
| 05 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 11/3/2024 | |
| 06 | निविदा प्रस्तुत/अपलोड करने की अंतिम तिथि | 3/4/2024 | |
| 07 | निविदा खोलने की तिथि | 04/04/2024 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## "परिसर की साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रथम ई–निविदा"

भाग–1

**निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी**

1.1 सभी निविदाकर्ता फर्मो से अनुरोध है कि वे निविदा प्रपत्र ऑन–लाईन प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्ते एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिए गए विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ़ ले एवं विश्वविद्यालय परिसर के संपूर्ण कार्यस्थल का भ्रमण कर कार्य के संबंध में समस्त जानकारी स्पष्टतः प्राप्त कर ले। निविदा के संबंध में किसी स्पष्टीकरण एवं शंका समाधान के लिए कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय के यंत्री से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1.2 **कार्य का परिचयः–** साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन की निविदा में परिसर की सड़कों, विभिन्न विभागीय / कार्यालय / छात्रावास भवनों के कक्षों, छतों, सुविधा घरों, परिसर आदि की धुलाई, सफाई, झाडू–पोछा, फर्नीचर एवं पंखों की धूल साफ करना, दरवाजे, खिड़की की सफाई करना, जाले एवं काई साफ करना, बगीचे व मैदान की घास और झाड़ियों की कटाई–सफाई, पानी की टंकियॉ, कुंए आदि की सफाई, परिसर में मृत जानवरों या पक्षियों के निष्पादन के साथ–साथ विभिन्न स्थानों से कचरा एकत्रित कर, निर्दिष्ट स्थान तक कचरे का निष्पादन (स्वयं के वाहन द्वारा) एवं समय–समय पर निर्देशित अन्य कार्य भी सम्मिलित है। विश्वविद्यालय परिसर में ई–वेस्ट पाए जाने पर उसे नियमानुसार शासन द्वारा अधिकृत ऐजेंसी को सौपा जाना आवश्यक है। गुणवत्तायुक्त कार्य के लिए मशीनों (Vaccume Cleaner, Sprayer, Grass Cutter, Branch Cutter, Pressure Wash etc.) का उपयोग भी आवश्यक है। आवासीय भवनों (कुलपति, कुलसचिव निवास के अतिरिक्त) के अंदर की सफाई इसमें सम्मिलित नहीं है। सफाई हेतु आवश्यक सामग्री, उपकरण, मशीनों के साथ सफाई कर्मियों की वर्दी, सुरक्षा, परिवहन, आवास, भोजन, बीमा आदि की व्यवस्था करना भी निविदाकर्ता फर्म का ही दायित्व होगा। अस्थायी रूप से सीमित अवधि के लिए दैनिक आधार पर भी सफाई कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना अनिवार्य है।

1.3 निविदा प्रपत्र म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। निविदाएं ऑन–लाईन ही स्वीकार की जावेगी। निविदाएं ऑफ–लाईन / हार्ड कॉपी में स्वीकार नही की जावेगी।

1.4 **कार्यस्थल का परिचयः–** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल नर्मदापुरम मार्ग (एन.एच. –12) पर स्थित है। इस परिसर में प्रशासनिक भवन, विभिन्न शैक्षणिक भवन, छात्रावास, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास गृह, अतिथि गृह, ज्ञानविभान भवन, खेल परिसर, केन्द्रीय पुस्ताकालय, स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य भवन आदि है। इन सभी भवनों के अंदर (सुविधा घरों सहित) एवं बाहर (बगीचे आदि सहित) के साथ विश्वविद्यालय परिसर के अन्य स्थानों (खेल मैदान आदि) सहित अन्य निर्देशित स्थनों की साफ–सफाई हेतु कम से कम 1 सुपरवाईजर, 75 सफाईकर्मियों (पुरूष एवं महिला) की सेवाओं के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जा रही है। इन सफाईकर्मियों की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि हो सकती है।

| सं. क्रमांक | पदनाम | न्यूनतम मासिक देयता नियम करने का आधार |
|---|---|---|
| 01 | सफाई सुपरवाईजर | कुशलकर्मी, श्रमायुक्त द्वारा समय–समय पर निर्धारित वेतन |
| 02 | सफाईकर्मी परूष / महिला<br><br>सफाईकर्मी परूष / महिला | अकुशलकर्मी, श्रमायुक्त द्वारा समय–समय पर निर्धारित वेतन<br>अर्द्धकुशल |

1.4 परिसर की साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ई–निविदा को वेब–साईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा की शर्तो में अथवा निविदा खोलने की तिथि में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मुल्य रू. 1,50,00,000–00 (रू. एक करोड़ पचास लाख मात्र) है।

1.5 निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा जारी करने की तिथि | 11/3/2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारंभ होने की तिथि | 11/3/2024 | |
| 03 | निविदा प्रपत्र /अपलोड प्रारंभ होने की तिथि | 11/3/2024 | |
| 04 | प्री–बिड मीटिंग की तिथि | 18/3/2024 | |
| 05 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 11/3/2024 | |
| 06 | निविदा प्रस्तुत/अपलोड करने की अंतिम तिथि | 3/4/2024 | |
| 07 | निविदा खोलने की तिथि | 4/4/2024 | |

1.6 यदि निविदा किन्ही को अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि पर खोली नही जा सकी तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस में खोली जावेगी।

**<u>निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है</u>:–**

1.7 **चरण–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 10,000–00 (दस हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 4,50,000–00(रू. चार लाख पचास हजार मात्र) हैं। इन्हे ऑन–लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को चरण–2 (तकनीकी निविदा) के लिए योग्य माना जायेगा।

1.8 **चरण–2** : तत्पश्चात उपरोक्त चरण 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्मों की ही तकनिकी निविदा खोली जावेगी। निविदा के भाग–2 में दर्शित प्रपत्र/ दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। उपरोक्त प्रक्रिया में योग्य पाए जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

1.9 **चरण–3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को भी ऑन–लाईन ही प्रस्तुत किया जाना हैं।

1.10 चरण–4 : प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन (Quality And Cost Based Selection) के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली फर्म को चयनित किया जावेगा। 70 प्रतिशत अंक तकनीकी मूल्यांकन के तथा 30 प्रतिशत अंक वित्तीय निविदा हेतु मूल्यांकित किए जावेंगे।

## भाग–2
## तकनीकी निविदा की अर्हकारी शर्ते

साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन की निविदा पात्रता की शर्ते निम्नांकित है इन जानकारियों को निविदा में दिए **प्रपत्र–1** अनुसार शपथ पत्र नोटरिराईज्ड कराते हुए प्रस्तुत किया जाना है। इसके अभाव में निविदा आवेदन निरस्त कर दी जावेगी। निविदा के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों पर पृष्ठ क्रमांक आवश्यक रूप से अंकित करते हुए **प्रपत्र–क** में सभी प्रविष्ठियां करते हुए संलग्न करना आवश्यक है:–

2.1 जिस निविदाकर्ता फर्म के पास कम से कम 150 सफाईकर्मी वर्तमान में कार्यरत है वही फर्म इस निविदा में भाग ले सकती है।

2.2 वर्तमान में निविदाकर्ता फर्म में कितने कर्मचारी कार्यरत है। विवरण **प्रपत्र–2** में शतथ पत्र में देवे।

2.3 निविदाकर्ता फर्म को **प्रपत्र–3** अनुसार फर्म अधिकृत कार्यालयीन पता, दूरभाषा नम्बर, मोबाईल नम्बर की जानकारी तथा घोषणा पत्र शपथ पत्र में प्रस्तुत करना होगा।

2.4 श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक, दिनांक एवं वैद्यता की जानकारी (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें)

2.5 कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।)

2.6 कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।)

2.7 सर्विस टैक्स खाता क्रमांक (जी.एस.टी. नम्बर) (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।)

2.8 आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।

2.9 निविदाकर्ता फर्म का शाप एक्ट के अंतर्गत् पंजीयन की प्रति संलग्न करें।

2.10 फर्म का इनकम टैक्स के पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) जमा प्रमाण पत्र की छाया प्रति अपलोड करें।

2.11 न्यूनतम 150 सुफाई कर्मियों के ई.पी.एफ. कटौत्री का प्रमाण पत्र विगत 06 माह की छाया प्रति संलग्न करें।

2.12 न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.एस.आई.सी. कटौत्री का प्रमाण पत्र विगत 06 माह की छाया प्रति संलग्न करें।

2.13 न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के सर्विस टैक्स (जी.एस.टी.) जमा के विगत 06 माह के चालान की छाया प्रति संलग्न करें।

2.14 न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के कार्य कराने का लेबर लायसेन्स जो निविदा की तिथि के पूर्व का हो की छाया प्रति संलग्न करें।

2.15 निविदकर्ता फर्म को साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य का पिछले पॉच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों (2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23) का अनुभव होना चाहिए। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। **प्रपत्र–4** अनुसार।

2.16 विगत तीन प्रत्येक वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) में प्रत्येक वर्ष में रू. 4.50-00 करोड़ प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट का संलग्न **प्रपत्र-5** में तथा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित बैलेन्सशीट छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं।

2.17 विगत 5 वित्तीय वर्ष (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23) में से किन्ही 03 वित्तीय वर्ष शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाई कर्मियों से सफाई कार्य कराने का अनुभव एवं कार्य आदेश संलग्न करना अनिवार्य है।

2.18 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नही होना चाहिए। निविकर्ता संस्था किसी बैंक/संस्था से दिवालिया घोषित नही हुई है।

2.19 निविदा फर्म के विरूद्ध काई उपराधिक प्रकरण लंबित नही होना चाहिए साथ ही उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा सीधे दोषी नही ठहराया गया हो शपथ पत्र संलग्न करे।

2.20 निविदाकर्ता फर्म **प्रपत्र-6** के अनुसार श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2.21 निविदाकर्ता को वित्तीय बिड **प्रपत्र-7** में सिर्फ सर्विस चार्ज अंकित करना होगा। उन्हें ई.एस.आई. ई.पी.एफ. वीकली रेस्ट आदि को सम्मिलित करते हुए तत्समय प्रभावशील दरों के अनुसार भुगतान किया जावेगा। शून्य सेवा शुल्क अमान्य किया जायेगा। सेवा शुल्क की दर न्यूनतम 3.85 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए।

2.22 निविदकार द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि 3.85 प्रतिशत (As Per the Norms Of Government Of India No. F6/1/2023. PPD Date 06-01-2023) सेवा शुल्क में समस्त प्रशासकीय/प्रबंधकीय एवं सफाई सामग्री संबंधी व्यय भी सम्मिलित रहेंगे। इस बाबत पृथक से कोई राशि देय नही होगी।

2.23 निविदाकर्ता द्वारा निविदा के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों का संबंधित विभागों से सत्यापन कराया जा सकेगा दस्तावेजों में कोई विसंगति पाए जाने पर निविदा के संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा एवं सुरक्षा निधि राजसात की जा सकती है।

2.24 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र तथा निविदा की शर्तो के अनुसार ही स्वीकार की जावेगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्रों का अनिवार्यतः निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 10,000-00 (दस हजार मात्र) वापसी योग्य नही है।

2.25 विवाद की स्थिति निर्मित होने पर न्यायालय सेवा क्षेत्र भोपाल म.प्र. होगा।

## प्रपत्र–क

**फर्म को निम्नांकित दस्तावेज स्केन पर ई–निविदा के साथ अपलोड करना है। दस्तावेजों पर पृष्ठ क्रमांक आवश्यक रूप से अंकित पर निविदा के साथ अपलोड करना है।**

| सं.क्र. | दस्तावेज का नाम जिसे निविदा के साथ अपलोड करना है तथा प्रत्येक दस्तावेल पर फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील लगी होना चाहिए | विवरण | पृष्ठ क्रं. | दस्तावेज संलग्न है। हॉ/नही |
|---|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 10,000–00 (दस हजार मात्र) हैं ऑन–लाईन जमा की गई राशि की रसीद। | Bank UTR No.<br>Dt. | | |
| 02 | सुरक्षा निधि राशि रूपये 4,50,000–00 (रू. चार लाख पचास हजार मात्र) हैं। ऑन–लाईन जमा की गई राशि की रसीद। | Bank UTR No.<br>Dt. | | |
| 03 | निविदाकर्ता फर्म को **प्रपत्र–1** अनुसार शपथ पत्र में चाही गई जानकारी नोटरी से सत्यापित प्रस्तुत करना होगा। | | | |
| 04 | वर्तमान में निविदाकर्ता फर्म में कितने सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर कार्यरत है। विवरण **प्रपत्र–2** में शतथ पत्र में देवे। | कुल कर्मचारियों की संख्या | | |
| 05 | निविदाकर्ता फर्म को **प्रपत्र–3** अनुसार फर्म की जानकारी तथा घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। | | | |
| 06 | श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक, दिनांक एवं वैद्यता की जानकारी एवं गुमाश्ता पंजीयन अनिवार्य है। (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।) | पजीयन क्रमांक<br>दिनांक : | | |
| 07 | कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।) | पजीयन क्रमांक<br>दिनांक : | | |
| 08 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें।) | पजीयन क्रमांक<br>दिनांक : | | |
| 09 | सर्विस टैक्स खाता क्रमांक (जी.एस.टी. नम्बर) (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें) | जी.एस.टी. नम्बर | | |
| 10 | आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें। | आयकर नम्बर | | |
| 11 | फर्म का शाप एक्ट/कंपनी एक्ट के अंतर्गत् पंजीयन क्रमांक | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | फर्म का पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) जमा प्रमाण पत्र की छाया प्रति अपलोड करें। | असेसमेन्ट वर्ष 2020–21 में जमा आयकर राशि रू......... ............................... | | |
| | | असेसमेन्ट वर्ष 2021–22 में जमा आयकर राशि रू......... ............................... | | |
| | | असेसमेन्ट वर्ष 2022–23 में जमा आयकर राशि रू......... ............................... | | |
| 13 | न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के ई.पी.एफ. कटौत्री का प्रमाण पत्र विगत 06 माह की छाया प्रति संलग्न करें। | | | |
| 14 | न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के ई.एस.आई.सी. कटौत्री का प्रमाण पत्र विगत 06 माह की छाया प्रति संलग्न करें। | | | |
| 15 | न्यूनतम सफाई कर्मियों के सर्विस टैक्स (जी. एस.टी.) जमा के विगत 03 वर्ष के चालान की छाया प्रति संलग्न करें। | | | |
| 16 | न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के कार्य कराने का लेबर लायसेन्स जो निविदा की तिथि के पूर्व का हो की छाया प्रति संलग्न करें। | | | |
| 17 | साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रंबधन के क्षेत्र में पिछले पॉच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों (2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23) सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। इससे कम अनुभव होने पर निविदा मान्य नही की जावेगी। **प्रपत्र–4** अनुसार। | | | |
| 18 | विगत तीन प्रत्येक वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22, 2022–23) में प्रत्येक वर्ष में रू. 4.50–00 करोड़ प्रतिवर्ष का टर्न ओवर सुरक्षा व्यवसाय से चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट का संलग्न **प्रपत्र–5** में तथा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित बैलेन्सशीट की छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं। | वित्तीय वर्ष (2020–21) के टर्न ओवर की राशि रू......... ................................... | | |
| | | वित्तीय वर्ष (2021–22) के टर्न ओवर की राशि रू......... ................................... | | |
| | | वित्तीय वर्ष (2022–23) के टर्न ओवर की राशि रू......... ................................... | | |
| 19 | विगत 5 वित्तीय वर्ष (2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23) में से किन्ही 03 वित्तीय वर्ष शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाई कर्मियों से सफाई कार्य कराने का अनुभव एवं कार्य आदेश संलग्न करना अनिवार्य है। | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ से कभी भी ब्लैक लिस्टड नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | | | |
| 21 | निविदाकर्ता फर्म के विरूद्ध कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नही होना चाहिए साथ ही उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा सीधे दोषी नही ठहराया गया हो शपथ पत्र संलग्न करे। | | | |
| 23 | निविदाकर्ता फर्म **प्रपत्र–6** के अनुसार श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। | | | |

**भाग–3**
**निविदा की मूल्यांकन पद्धति**
**(Quality and Cost based selection)**

निविदा में भाग लेने वाली फर्मो को तकनीकी मूल्यांक में प्राप्त अंको का 70 प्रतिशत अंक का वेटेज तथा 30 प्रतिशत अंक वित्तीय दरों पर निर्धारित किया जावेगा। तकनीकी तथा वित्तीय दरों के योग के अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली फर्म/संस्था/ऐजेन्सी का चयन किया जावेगा।

| **सं.क्रं** | **निविदा की शर्ते** | **अधिकतम अंक** |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का पंजीयन वर्ष | |
| | 05 वर्ष होने पर | 05 |
| | 08 वर्ष से अधिक तथा 10 वर्ष तक | 10 |
| | 10 वर्ष से अधिक तथा 13 वर्ष तक | 15 |
| | 13 वर्ष से अधिक तथा 15 वर्ष तक | 20 |
| | 15 वर्ष से अधिक होने पर | 25 |
| 02 | निविदाकर्ता फर्म में कार्यरत (सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर की संख्या | |
| | 150 सफाईकर्मी होने पर | 10 |
| | 151 से 200 तक | 15 |
| | 201 से 250 तक | 20 |
| | 251 से 300 तक | 25 |
| | 301 एवं उससे अधिक होने पर | 30 |
| 03 | वित्तीय वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) में औसत टर्न ओवर राशि | |
| | रू. 4.50–00 करोड़ से रू. 6–00 करोड़ तक | 10 |
| | रू. 6–00 करोड़ से अधिक तथा रू. 8–00 करोड़ तक | 15 |
| | रू. 8–00 करोड़ से अधिक तथा रू. 10–00 करोड़ तक | 20 |
| | रू. 10–00 करोड़ से अधिक तथा रू. 12–00 करोड़ तक | 25 |
| | रू. 12–00 करोड़ से अधिक होने पर | 30 |

वित्तीय निविदा के अंक निम्नानुसार दिए जावेगें।

| **सं.क्रं.** | **फर्मो से प्राप्त वित्तीय दरें** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|---|
| 01 | न्यूनतम दर L1 | 30 |
| 02 | न्यूनतम दर L2 | 20 |
| 03 | न्यूनतम दर L3, L4...... | 10 |

# भाग – 3
# अन्य कार्य विवरण एवं साफ–सफाई ऐजेन्सी के दायित्व

3.1 निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी के निर्देश से आवश्यकतानुसार सफाईकर्मी उपलब्ध कराना होगा।

3.2 निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार स्थानों पर सफाईकर्मी की डयूटी लगाना होगी।

3.3 निविदाकर्ता फर्म को यह सुनिश्चत करना होगा कि सफाईकर्मी 8 घण्टे की ड्यूटी विश्वविद्यालय में पूर्ण करें। किसी सफाईकर्मी से माह में 26 दिन से अधिक दिन की ड़्यूटी नही लगाई जावेगी।

3.4 निविदाकर्ता फर्म का यह दायित्व होगा कि विश्वविद्यालय परिसर का दुरूपयोग न हो।

3.5 निविदाकर्ता फर्म किसी सब ऐजेन्सी से कार्य नही कराएगी।

3.6 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष अनुबन्ध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं। आपात स्थिति में विश्वविद्यालय के पास कभी भी अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

3.7 जो निविदा मान्य नही होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.8 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

3.9 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.10 निविदाकर्ता फर्म को भुगतान प्रतिमाह उसके देयक के आधार पर कार्य का सत्यापन करने के उपरांत किया जायेगा।

3.11 विश्वविद्यालय द्वारा ऐजेन्सी को तत्समय लागू दरों के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान किया जावेगा। विश्वविद्यालय द्वारा भुगतान के समय नियमानुसार आयकर की कटौती की जावेगी।

3.12 विश्वविद्यालय द्वारा चयनित सफाई ऐजेन्सी को विश्वविद्यालय में लगाए गए सफाईकर्मियों तथा सुपरवाईजर को प्रत्येक माह की 05 तारीख तक वेतन भुगतान करना आवश्यक होगा।

3.13 सफाईकर्मियों को किए गए वेतन भुगतान की राशि को बैंक खाते में ट्रान्सफर की सूची जिसमें सफाईकर्मी का नाम, बैंक खाता क्रमांक एवं आई.एफ.एस.सी. कोड एवं वेतन की राशि दर्शित हो विश्वविद्यालय में देयक के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है। सफाईकर्मियों के बैंक के माध्यम से वेतन भुगतान की आर.टी.जी.एस. स्लिप भी विश्वविद्यालय को देयक के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

3.14 निविदाकर्ता फर्म सफाईकर्मियों को वेतन भुगतान के पश्चात् प्रत्येक माह की 06 तारीख को विश्वविद्यालय में भुगतान रिअम्बर्समेंट हेतु बिल प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ जी.एस.टी. , ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई.सी. संबंधित विभाग में जमा की रसीद एवं सूची प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

3.15 सफाईकर्मी कार्य की अवधि में किसी प्रकार से दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निविदाकर्ता फर्म की होगी।

3.16 कोई भी सफाईकर्मी अपने ड्यूटी हेतु निर्धारित स्थान को छोड़कर अपनी व्यक्तिगत/सामूहिक समस्या को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत नही होंगे। यदि सफाईकर्मियों की कोई समस्या है तो वह निविदाकर्ता फर्म को ही बताए तद्नुसार निविदाकर्ता फर्म उस समस्या के विश्वविद्यालय से संबंधित होने पर ही विश्वविद्यालय को अवगत कराएगी। सफाईकर्मी सेवा से संबंधित किसी भी समस्या को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से नही मिलेंगे इसके लिए वह ऐजेन्सी से ही संपर्क करेगें।

3.17 सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाए जाने पर अथवा विश्वविद्यालय की चल एवं अचल संपत्ति का अनुबंध की अवधि में नुकसान होने पर ऐसे नुकसान के लिए भारपाई ऐजेन्सी द्वारा जमा धरोहर/सुरक्षा निधि को राज–सात कर तथा अन्य देयकों के भुगतान से कटौत्री की जावेगी।

3.18 निविदाकर्ता फर्म तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

3.19 सफाई कार्य की गुणवत्ता का समय–समय पर विभागीय समिति द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा तथा सफाई कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर धरोहर राशि से शस्ति काटकर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

3.20 सफाईकर्मियों को परिसर में पान, बीडी, सिगरेट, गुटका, तम्बाकू, शराब एवं नशीले पदार्थो का सेवन वर्जित है।

3.21 निविदा की शर्तो का उल्लंघन अथवा संबंधित सफाईकर्मियों की कार्य पर से अनुपस्थिति अथवा कार्यालयीन समय पर अभ्रद व्यवहार, सफाई व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा सफाई ऐजेन्सी पर निम्नानुसार क्षतिपूर्ति की राशि वसूल की जा सकेगी।

| सं.क्रं. | विवरण | क्षतिपूर्ति की राशि प्रतिदिन, प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| 01 | सफाईकर्मी यूनिफार्म में न होने पर | रू. 200–00 |
| 02 | सफाईकर्मी अनुपस्थित होने पर | रू. 500–00 |
| 03 | सफाईकर्मी के पास आई.डी. कार्ड न होने पर | रू. 200–00 |
| 04 | सुरपवाईजर के पास मोबाईल फोन न होने पर | रू. 200–00 |
| 05 | अभद्र व्यवहार, सफाई व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाए जाने पर अथवा पान, बीडी, सिगरेट, गुटका, तम्बाकू, एवं नशीले पदार्थ सेवन करने पर | रू. 1000–00 से रू. 10,000–00 तक |
| 06 | विश्वविद्यालय परिसर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर क्षतिपूर्ति | रू. 1000–00 से लेकर नुकसान हुई संपत्ति की वास्तविक राशि तक |
| 07 | संस्था द्वारा अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन या विश्वविद्यालय के निर्देशों का न मानने पर | रू. 10,000–00 या निविदा निरस्त करते हुए धरोहर राशि राजसात की जायेगी। |
| 08 | परिसर में चोरी में लिप्त पाए जाने पर | क्षति की वास्तविक राशि की क्षतिपूर्ति |

3.22 निविदा मान्य होने की स्थिति में निविदाकर्ता को दस कार्य दिवसों के अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ अनुबंध करना होगा। यह अनुबंध, कार्य आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगा। सफाई ऐजेन्सी द्वारा दी जाने वाली सफाई व्यवस्था कार्यावधि के दौरान सन्तोषजनक पाए जाने पर कार्य की अवधि एक–एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा। इसे अधिकतम 3 वर्षो तक ही बढ़ाया जा सकेगा।

3.23 निविदा खोलते समय निविदाकर्ता स्वयं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए पृथक से काई सूचना आदि जारी नही की जाएगी।

3.24 यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा सफाई ठेके का प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपनी निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी। साथ ही उसे ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकेगा।

3.25 ऐजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा कर्मी की आयु 18 से 55 वर्ष (कार्यावधि में) के मध्य होना चाहिए। एवं उनका स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र निविदा मान्य होने पर संलग्न करना अनिवार्य हैं। तत्पश्चात सफाईकर्मी का प्रत्येक 06 माह में ऐजेन्सी के व्यय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना होगा तथा इसकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगी। सफाईकर्मी गंभीर बीमारी अथवा इनफेक्शन से पीड़ित नही होना चाहिए।

3.26 सफाईकर्मियों द्वारा पहने जाने वाली यूनिफार्म, सेनीटाइजर, मास्क एवं दस्तानों का प्रबंध निविदाकर्ता ऐजेन्सी को स्वयं के व्यय पर करना होगा।

3.27 प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन भाग–3 में दर्शित विवरण अनुसार किया जावेगा। यदि दो या अधिक निविदाकर्ताओं को समान अंक प्राप्त होते है तो विश्वविद्यालय द्वारा अनुभव के आधार पर किसी एक संस्था का चयन किया जावेगा। यह निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी फर्म का दावा या आपत्ति अमान्य होगी।

3.28 सफाईकर्मियों को आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करना सफाई ऐजेन्सी का दायित्व होगा। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की यह जिम्मेदारी नही होगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सफाईकर्मियों के साथ काई दुर्घटना अथवा नुकसान का जिम्मेदार नही होगा।

3.29 सभी सफाईकर्मियों का बॉयोडाटा नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ एवं आधार कार्ड के साथ सफाई ऐजेन्सी अपने स्वयं के व्यय पर कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को सौपेगी।

3.30 कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के मांगे जाने पर सफाई ऐजेन्सी अपने रिकार्ड जांच एवं सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेगी।

3.31 सफाई ऐजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाए जाने पर सफाई ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात की जी जावेगी।

3.32 सफाई ऐजेन्सी की अपशिष्ट के निपटारे की व्यवस्था स्वयं करना होगी जिसमें अपशिष्ट को वाहन से निर्धारित स्थान पर ले जाना व उसका उचित निष्पादन करना शामिल होगा निपटान की व्यवस्था शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित नियमों अधिनियमों के अनुसार करनी होगी।

3.33 साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन के समय यदि विश्वविद्यालय परिसर में ई–वेस्ट पाया जाता है तो उसे शासन द्वारा निर्धारित ऐजेन्सी को सौपना होगा। तथा इसकी सूचना विश्वविद्यालय को देना आवश्यक होगा।

3.34 निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में एक वर्ष की कुल लागत की 5 प्रतिशत राशि के बराबर राशि की एफ.डी.आर. बैंक गारंटी कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से विश्वविद्यालय में जमा करनी होगी। निविदा पूर्ण होने पर एफ.डी.आर. फर्म को वापस कर दी जावेगी।

3.35 ऐजेन्सी द्वारा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि विश्वद्यिालय परिसर में स्थित समस्त महिला टायलेट की सफाई का कार्य महिला सफाईकर्मियों द्वारा ही किया जावे।

3.36 निविदाकर्ता फर्म को ड्यूटी पर तैनात सफाईकर्मियों के लिए आवश्यक राशि का दुर्घटना बीमा/ समूह बीमा मान्यता प्राप्त बीमा कंपनी से कराना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार के दुर्घटना, क्लेन विश्वविद्यालय द्वारा देय नही होगा। इसका समस्त उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा।

3.37 निविदाकर्ता द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली सफाई सामग्री की गुणवत्ता की जांच विभागाध्यक्ष/विश्वविद्यालय यंत्री द्वारा की जावेगी। जो निविदाकर्ता को मान्य करनी होगी।

3.38 कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के सफाई का कार्य कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के प्रारंभ होने के पूर्व करना होगा।

3.39 भवनों एवं प्रसाधनों की सफाई का कार्य यांत्रिकी मशीनों से मेकेनाईज्ड क्लीनिंग द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस हेतु निविदाकार को विश्वविद्यालय परिसर में न्यूनतम 02 हाई प्रेशर जेट मशीन, ड्राय एण्ड वेट वैक्यूम क्लीनर, 02 सिंगल डिस्क स्क्रबर मशीन लगाना अनिवार्य होगा। उक्त मशीनें निविदाकर्ता के पास उपलब्ध है इस बाबत प्रमाण देना होगा।

3.40 सफाई ऐजेन्सी को प्रतिदिन अधिकारियों/अध्यापकों के कक्षों में प्रतिदिन रूम फ्रेशनर का छिड़काव करना होगा।

3.41 साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंध की व्यवस्था असंतोषजनक पाए जाने पर अथवा विश्वविद्यालय की चल एवं अचल संपत्ति का अनुबंध की अवधि में नुकसान होने पर ऐसे नुकसान के लिए भरपाई ऐजेन्सी द्वारा जमा धरोहर/सुरक्षा निधि को राजसात कर तथा अन्य देयकों के भुगतान से कटौत्री की जावेगी। प्रबंधकीय/प्रशासकीय व्यय निविदाकर्ता फर्म अपने स्वयं के व्यय पर करेगी।

3.42 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने की शक्ति विश्वविद्यालय को होगी। निविदाकार तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों को मान्य होगा।

**वित्तीय निविदा भरने के निर्देशः–**

3.43 **ऐजेन्सी द्वारा वित्तीय निविदा प्रपत्र–7 में उनके द्वारा सेवाएं प्रदान करने के लिए "सर्विस चार्ज को प्रतिशत (कुल कर रहित मासिक देय राशि का प्रतिशत) के रूप में अंकित करना होगा। सर्विस चार्ज कर रहित होना चाहिए।**

3.44 ऐजेन्सी द्वारा शून्य प्रतिशत (%) सेवा शुल्क उल्लेखित किए जाने पर निविदा अमान्य की जावेगी।

3.45 वित्तीय निविदि **प्रपत्र–7** में निविदाकार के द्वारा सेवा शुल्क 3.85 प्रतिशत (3.85%) कम नहीं होना चाहिए। अतः ऐजेन्सी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेवा शुल्क में संचालन संबंधी अन्य समस्त प्रशाकीय, प्रबंधकीय व्यय इत्यादि सम्मिलित रहेंगे। साफ–सफाई कार्य हेतु लगने वाली सामग्री जैसे– मशीने, उपकरण तथा केमीकल्स यथा ऐसीड, झाडू, पोछा, फिनाईल, नेफ्थलीन बॉल, फ्लोर क्लीनर, रूम फ्रेशनर इत्यादि समस्त सामग्री पर होने वाले समस्त व्यय को वहन कना करना होगा तथा उपरोक्त पर होने वाले व्यय सेवा शुल्क में सम्मिलित होगा। इस बाबत् पृथक से कोई राशि देय नही होगी।

3.46 निविदाकर्ता द्वारा इस प्रपत्र में दी जाने वाली वित्तीय दर कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु प्रतिमाह दर जाने वाली मासिक दरों के आधार पर देनी होगी। चूंकि उपरोक्त दरें समय–समय पर पुनरीक्षित की जाती है। अतः अनुबंध की अवधि में किसी भी समय देय दरें कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मान्य दरों को ही आधार माना जावेगा।

3.47 इस वित्तीय प्रपत्र में निविदाकर्ता को सर्विस चार्ज सफाईकर्मी (अकुशल/अर्द्धकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजर (कुशल श्रेणी) को मिलने वाले माह के कलेक्टर दर के हिसाब से भुगतान की जाने वाली कुल राशि तथा वीकली रेस्ट के

आधार पर भुगतान की जाने वाली कुल राशि के योग में ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. सफाई साम्रगी आदि के व्यय को मिलाकर आने वाली कुल राशि पर सर्विस चार्ज के प्रतिशत को अंकित करना होगा। निविदाकर्ता द्वारा शून्य सेवा शुल्क उल्लेखित किए जाने पर निविदा अमान्य की जावेगी। सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर का सर्विस चार्ज की दर एक ही होना चाहिए।

3.48 कर की दर प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही है क्योकि तत्समय लागू दरों के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

3.49 कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सफाईकर्मी ( अकुशल,अर्द्धकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजर (कुशल श्रेणी) की निर्धारित दरों के हिसाब से भुगतान किया जावेगा।

**प्रपत्र–1**

## शपथ पत्र का प्रारूप

(रू. 500–00 के गैर न्यायिक मुद्रांक / नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर नोटरिराईज्ड प्रस्तुत करें)

मैं.........................................................पुत्र/पुत्री.........................................................उम्र..............................
पता.........................................................................................................................................................
.........................................................................................
शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि फर्म से संबंधित निम्नांकित जानकारी सत्य है। मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा मेरी संस्था को मान्य है। यदि निविदा एवं शपथ पत्र में प्रस्तुत जानकारी असत्य पाई जाती है तो बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को निविदा निरस्त करने का अधिकार है एवं सफाई ऐजेन्सी की सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी जब्त करते हुए फर्म को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार होगा एवं हमारी फर्म को यह मान्य होगा :–

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था .........................................................(फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ..............................
.........................................................................................(एकल स्वामी/सचांलक /मैनेजर / अधिकृत प्रतिनिधि) हूँ तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता...........................
.........................................................................................................................................है।

(2) निविदा में वर्णित सभी कार्य को संपादित करने के लिए मेरे/मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त है।

(3) न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के कार्य कराने का लेबर लायसेन्स जो निविदा की तिथि के पूर्व का हो इसकी छाया प्रति संलग्न है। (लेबर की संख्या:..................................लेबर लाइसेन्स क्रमांक.................................. जारी दिनांक एवं वैधता दिनांक..................................................है।

(4) हमारी फर्म में कार्यरत सफाईकर्मियों एवं सुपरवाईजर की जानकारी प्रपत्र–2 में निम्नानुसार प्रारूप में अंकित है एवं प्रमाणित एवं सत्य है:–

**प्रपत्र–2**

निविदाकर्ता फर्म का नामः..........................................................................................
पताः............................................................................................................................

| स.क्र. | कर्मचारी का पदनाम | संख्या | कुल मासिक वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सफाईकर्मी | | |
| 02 | सफाई सुपरवाईजर | | |

(5) हमारी फर्म की जानकारी प्रपत्र–3 में निम्नानुसार प्रारूप में अंकित है एवं प्रमाणित एवं सत्य है:–

**प्रपत्र–3**

### निविदाकर्ता फर्म की जानकारी तथा घोषणा पत्र

| सं.क्रं | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदकर्त्ता फर्म का नाम | |
| 02 | कार्यालयीन पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | दूरभाष नम्बर | |
| 05 | मोबाईल नम्बर | |
| 06 | ई–मेल आई.डी. | |

## घोषणा–पत्र

**हमारी फर्म द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम /शर्तो का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तो के अधीन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते है।**

शपथगृहीता

स्थान :...................................
दिनांक :...................................

नाम :...........................................
पता :...........................................

1. गवाह का नाम एवं पता :...........................................
2. गवाह का नाम एवं पता :...........................................

(6) फर्म का श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक ....................................दिनांक........................................ एवं वैद्यता दिनांक..............................................है।

(7) कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक....................................दिनांक....................................संलग्न है।

(8) कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक....................................दिनांक....................................है।

(9) सर्विस टैक्स खाता क्रमांक (जी.एस.टी नम्बर) ..............................................................है।

(10)आयकर नम्बर (PAN CARD) :..................................................हैं।

(11)फर्म का इनकम टैक्स के पिछले तीन असेसमेंट वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) की छाया प्रति संलग्न है।

(12)फर्म में कार्यरत न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के ई.पी.एफ. कटौत्री का प्रमाण पत्र विगत 06 माह की छाया प्रति संलग्न है। (माह एवं वर्ष का नाम :..........................................................................................)

(13)फर्म/संस्था का न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के ई.एस.आई.सी. कटौत्री का प्रमाण पत्र विगत 06 माह की छाया प्रति संलग्न है। (माह एवं वर्ष का नाम :..........................................................................................)

(14)फर्म/संस्था का न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के सर्विस टैक्स (जी.एस.टी) जमा के विगत 06 माह के चालान की छाया प्रति संलग्न है। (माह एवं वर्ष का नाम :..........................................................................................)

(15)फर्म/संस्था का न्यूनतम 150 सफाईकर्मियों के कार्य कराने का लेबर लाईसेन्स जो कि निविदा जारी होने तिथि के पूर्व का संलग्न है। (लेबर लाईसेन्स क्रमांक....................................जारी दिनांक ....................................वैधता दिनांक :..............................................)

(16)हमारी फर्म द्वारा साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में विगत 05 वर्षो के अनुभव की जानकारी **प्रपत्र–4** में निम्नानुसार प्रारूप अंकित है यह जानकारी प्रमाणित एवं सत्य है:–

प्रपत्र–4

निविदाकर्ता फर्म का नाम एवं पता :.................................................................................

| सं. क्र. | वित्तीय वर्ष | संस्था का नाम साफ–सफाई संबंधी कार्य किया है। | अवधि | | कुल अवधि वर्ष एवं माह | सफाईकर्मियों की संख्या | वर्षिक देयक राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | | | |
| 01 | 2018–19 | | | | | | |
| 02 | 2019–20 | | | | | | |
| 03 | 2020–21 | | | | | | |
| 04 | 2021–22 | | | | | | |
| 05 | 2022–23 | | | | | | |
| 06 | | | | | | | |
| 07 | | | | | | | |
| 08 | | | | | | | |
| 09 | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | |

(18) निविदाकर्ता फर्म का विगत तीन वित्तीय वर्षो ( 2020–21, 2021–22, 2022–23) का टर्न ओवर निम्नांकित है। यह जानकारी प्रमाणित एवं सत्य है:–

(19) हमारी फर्म ऐजेन्सी की जानकारी **प्रपत्र–5** में निम्नानुसार प्रारूप में अंकित है एवं प्रमाणित एवं सत्य है:–

**प्रपत्र–5**

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स.................................................................................
पता :...............................................................................................................
के विगत तीन वर्षो के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकर्ता फर्म का टर्न ओवर निम्नांकित है:–

| **क्रमांक** | **वर्ष** | **राशि (शब्दों में)** | **राशि (अंको में)** |
|---|---|---|---|
| 01 | 2020–21 | | |
| 02 | 2021–22 | | |
| 03 | 2022–23 | | |
| | कुल योग | | |
| | औसत | | |

**टीप :– शब्दों एवं अंको में राशि का अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रमाणित माना जाएगा।**

उपर्युक्त गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जाची गई हैं। जिसे प्रशासन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तो के अनुसार वांछित शर्तो के रूप में प्रमाणित कर रहा हूँ।

चार्टेड लेखाकार का नाम :.............................................
फर्म की पदमुद्रा :.............................................

स्थान :.............................................
दिनांक :.............................................

(20) विगत 5 वर्षो में से किसी तीन वित्तीय वर्ष में शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाईकर्मियों से सफाई कार्य कराने का अनुभव एवं कार्य आदेश का विवरण निम्नांकित है:–

| सं.क्रं | वित्तीय वर्ष | सफाई कर्मियों की संख्या | विभाग का नाम | कार्यादेश क्रमांक एवं दिनांक | निविदा में प्रस्तुत दस्तावेज का पृष्ठ क्रं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | | | | | |
| 02 | | | | | |
| 03 | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | | | | | |
| 05 | | | | | |

(21) निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ/विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नही हुई।

(22) निविदाकर्ता फर्म किसी बैंक/संस्था से दिवालिया घोषित नही हुई है।

(23) निविदाकर्ता फर्म के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नही है न ही किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय से दोषी नही ठहराया गया है।

(24 )हमारी फर्म/ऐजेन्सी की टर्न ओवर की जानकारी **प्रपत्र-6** में निम्नानुसार प्रारूप में अंकित है एवं प्रमाणित एवं सत्य हैः-

**प्रपत्र-6**

**घोषणा पत्र**

**(श्रम कानून के अंतर्गत् न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में)**

मैं.........................................................आत्मज..............................................साफ-सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन की निविदा के लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में निविदाकार हूँ। मैं यह घोषित करता हूँ कि हमारी संस्था द्वारा यदि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में साफ-सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्य किया जाता है तो हमारी संस्था द्वारा सभी श्रम कानूनों का पालन करते हुए निर्धारित अन्य विधिक प्रावधानों के अनुरूप सुविधाएं अपने सफाईकर्मियों को प्रदान की जाएगी इसके संबंध में किसी भी प्रकार के कानून/नियम/विधिक प्रावधान का उल्लंघन होने पर हमारी संस्था ही उसके लिए जिम्मेदार होगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

स्थान :.................................
दिनांक :................................

नाम :............................................
पता :............................................



**प्रपत्र–7**

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

### विश्वविद्यालय परिसर की साफ--सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

| क्रमांक | विवरण | निविदाकर्ता फर्म द्वारा लिए जाने वाले सर्विस चार्ज की दर अंको में एवं शब्दों में (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1. | **निविदाकर्ता संस्थान का नाम** | |
| 2. | सभी सफाईकर्मियों के कलेक्टर द्वारा निर्धारित मासिक भुगतान की दर एवं वीकली रेस्ट की गणना के हिसाब से भुगतान की जाने वाली कुल राशि के आधार पर फर्म द्वारा लिया जाने वाले सर्विस चार्ज की दर।<br><br>सभी सुपरवाईजरों के कलेक्टर द्वारा निर्धारित मासिक भुगतान की दर एवं वीकली रेस्ट की गणना के हिसाब से भुगतान की जाने वाली कुल राशि के आधार पर फर्म द्वारा लिया जाने वाले सर्विस चार्ज की दर।<br><br>साफ–सफाई कार्य हेतु लगने वाली सामग्री जैसे– मशीने, उपकरण तथा केमीकल्स यथा ऐसीड, झाडू, पोछा, फिनाईल, नेफ्थलीन बॉल, फ्लोर क्लीनर, रूम फ्रेशनर इत्यादि समस्त सामग्री पर होने वाले समस्त व्यय का वहन करना होगा तथा उपरोक्त पर होने वाले व्यय सेवा शुल्क में सम्मिलित होगा। इस बाबत् पृथक से कोई राशि देय नही होगी। | |